# बारातियों से भरी बस ब्यावरा में पलटी, 3 की मौत, 27 घायल

**महुआ के रछेड़ गांव से बारात लेकर उज्जैन जा रही बस पलटी**





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** अंबाह तहसील के रछेड़ गांव से उज्जैन जा रहे बारातियों से भरी बस ब्यावरा क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 27 अन्य घायल हुए हैं। जिनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है, उन्हें ब्यावरा से भोपाल रैफर किया गया है। जबकि 19 घायलों का ब्यावरा अस्पताल में उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम धर्मेन्द्र ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस क्रं. एमपी07-जेडडी 6654 महुआ थाना क्षेत्र के रछेड़ गांव से उज्जैन जाने को बारात लेकर निकली थी। देर रात को बस जब ब्यावरा क्षेत्र में कांचरी की पुलिया के पास से गुजर रही थी, तभी एक मोड़ पर ड्राईवर वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में बस में सवार अभय सिंह 27 पुत्र दिवाकर सिंह तोमर नि. रछेड़, अंशु उर्फ विष्णु पुत्र धर्मेन्द्र तोमर नि. रछेड़ और महिला बिटौलीबाई तोमर 50 पत्नी अशोक सिंह तोमर नि. रछेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बस में सवार 27 अन्य बाराती घायल हो गए। जिनमें से 8 घायलो को गंभीर हालत में भोपाल रैफर किया गया है।

### आठ गंभीर घायलों को भोपाल किया रैफर

1. अनीता 50 पत्नी शिवाकर सिंह तोमर निवासी-मुरैना
2. तृप्ति सिकरवार 05 पुत्री विश्वजीत सिंह सिकरवार निवासी-डीडी नगर ग्वालियर
3. शिब्बू उर्फ शिवम 17 पुत्र राजा सिंह तोमर निवासी-रछेड़ अंबाह
4. अश्विनी उर्फ राजा 35 पुत्र अशोक तोमर निवासी-रछेड़ अंबाह
5. ललिता बाई 45 पत्नी विक्रम सिंह तोमर निवासी- रछेड़ अंबाह
6. विश्वजीत तोमर पुत्र शिवाकर सिंह तोमर निवासी- रछेड़ अंबाह
7. शांभवी 03 पुत्री अनुराग सिंह तोमर निवासी-रछेड़ अंबाह
8. अमन 23 पुत्र ओमप्रकाश भदौरिया निवासी-ग्राम खंडेरी अटेर जिला भिंड

### ब्यावरा में 19 घायलों का चल रहा उपचार

1. अजय 47 पुत्र रामनिवास शर्मा नि. रतीराम का पुरा दिमनी
2. कु. आरोही 09 पुत्री विवेक तोमर नि. रछेड़
3. कु. अविका तोमर 04 पुत्री विश्वजीत तोमर नि. रछेड़
4. सतीश 42 पुत्र बाबूसिंह राजावत नि. चकरनगर इटावा यूपी
5. कुलदीप 32 पुत्र छोटेसिंह तोमर नि. महुआ
6. संघमित्रा 65 पत्नी पृथ्वी सिंह नि. हाथरस यूपी
7. रविता तोमर 38 पत्नी हिमांशु तोमर नि. रछेड़
8. अर्चना 29 पत्नी अनुराग तोमर नि. रछेड़
9. मन्नू 07 पुत्र सतीश सिंह नि. चकनगर इटावा यूपी
10. कु. वेदिका 13 पुत्री सतीश राजावत नि. भिंड
11. दिव्यांश 28 पुत्र विक्रांत तोमर नि. रछेड़
12. जय सिंह 07 पुत्र जितेन्द्र सिकरवार नि. भोपाल
13. ब्रह्मा सिंह 36 पुत्र गणपत सिंह भदोरिया नि. लखनपुर थाना बासौनी आगरा
14. मधुराज 20 पुत्र गिर्राज भदौरिया नि. अटेर रोड भिंड
15. आकांक्षा 28 पत्नी विश्वजीत सिकरवार नि. डीडी नगर ग्वालियर
16. आदित्य 23 पुत्र राजेंद्र तोमर नि.रछेड़
17. सुधा तोमर 35 पत्नी अखंड प्रताप नि. रछेड़
18. आर्य 07 पुत्र अनुराग तोमर नि. रछेड़
19. शिवा 23 पत्नी हर्षित तोमर नि. रछेड़

इन सभी घायलों को ब्यावरा अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।



# चार्जिंग के दौरान शॉर्ट-सर्किट होने से ई-रिक्शा में लगी आग

### गणेशपुरा इलाके की कुम्हार गली में देर रात हुई घटना

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** शहर में गणेशपुरा इलाके की कुम्हार गली में बुधवार देर रात को चार्जिंग के दौरान शॉर्ट-सर्किट होने से एक ई-रिक्शा में आग लग गई। रिक्शा मालिक सहित आस-पड़ौस के लोगों ने पानी फेंककर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ई-रिक्शा जलकर राख हो गया। आगजनी की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार कुम्हार गली निवासी राकेश गोले ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। बुधवार की रात प्रतिदिन की भांति राकेश ने अपने रिक्शे को चार्जिंग पर लगा रखा था। राकेश घर के अंदर था, तभी अचानक शॉर्ट-सर्किट हुआ और ई-रिक्शा में आग लग गई। हवा का सहारा मिलते ही आग ने पूरे रिक्शे को अपनी चपेट में ले लिया। राकेश ने पड़ौसियों की मदद से पानी फेंककर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ई-रिक्शा जलकर राख हो चुका था। रिक्शा जलकर नष्ट होने से चालक राकेश गोले के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा हो गया है।





# तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, ओले गिरे

## छह डिग्री लुढ़का दिन का तापमान, न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री की गिरावट

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** भीषण गर्मी से जूझ रहे मुरैना अंचल में गुरुवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि ने लोगों को चौंका दिया। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और शाम करीब 4.30 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश में बदल गई। बारिश के दौरान मुरैना शहर सहित सिहौनिया, खड़ियाहार क्षेत्र में करीब एक से दो मिनट तक आसमान से सफेद कहर के रूप में ओले भी गिरे। ओलावृष्टि के बाद शहर की सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई देखने को मिली। शाम साढ़े चार बजे शुरू हुआ बारिश का दौर देर शाम तक रुक-रुककर चलता रहा।

### मौसम में बदलाव से 6 डिग्री लुढ़का पारा, गर्मी से मिली राहत

मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद हुई झमाझम बारिश ने अंचल में लोगों को भीषण गर्मी के कहर से निजात दिलाने का काम किया है। ओलावृष्टि और बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने मौसम को खुशगवार बना दिया।

### अगले तीन दिन आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावनाएं

स्थानीय आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र मुरैना द्वारा गुरूवार को आगामी पांच दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया गया। जिसके अनुसार अगले पांच दिनों में अंचल में आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश होने और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावनाएं जताईं गईं है। जिससे अगले पांच दिन तक लोगों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।



### जौरा में ट्रेवल एजेंसी संचालक ने जहर निगला, अस्पताल में मौत

**मुरैना/जौरा, 30 अप्रैल।** कस्बा जौरा में ट्रेवल एजेंसी का संचालन करने वाले एक व्यक्ति ने गुरूवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार कस्बा जौरा निवासी जितेन्द्र कुशवाह ट्रेवल एजेंसी का संचालन करते थे। गुरूवार को जब जितेन्द्र अपने घर में था, तभी उसने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल मुरैना लेकर पहुंचें, जहां इलाज के दौरान जितेन्द्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### किशोरी ने फांसी लगाई

**मुरैना, 30 अप्रैल।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतरसूमा में बुधवार को एक किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार अतरसूमा निवासी रामवीर कुशवाह की पुत्री लालो उर्फ काजल कुशवाह (16) बुधवार की रात को जब अपने घर में थी। तभी उसने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# संगठन को सुदृढ़ बनाने जमीनी स्तर पर सक्रियता जरूरी :यादव

## जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में अतिथियों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी लखन सिंह यादव ने कहा कि समन्वय समिति के सदस्य और ब्लॉक अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं, इसलिए सभी को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा। उन्होंने कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए और सदस्यों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई।

बैठक का आयोजन गुरूवार को होटल राज पैलेस में हुआ। बैठक में जिला प्रभारी पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, शहर कांग्रेस प्रभारी रामकिंकर गुर्जर बतौर अतिथि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर एवं शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस प्रभारी रामकिंकर गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन की मजबूती में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने समन्वय समिति के सदस्यों से कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में विधायक पंकज उपाध्याय और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए अनुशासन और सक्रियता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति को आवश्यकता अनुसार कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

भगवान सिंह तोमर, राधारमण डंडौतिया, जसवीर सिंह गुर्जर, रामलखन डंडौतिया, राजेन्द्र यादव, हरीश पाठक, जितेन्द्र डंगस, प्रदीप रजक, विनोद शर्मा, भूपेन्द्र सिकरवार, राजकुमार धाकड़ सहित जिलेभर के ब्लॉक अध्यक्ष एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बंदूक अड़ाकर चरवाहे बंधक बनाए, लूट ले गए 67 भैंसें

## सिविल लाईन थाना क्षेत्र में जतावर गांव के पास हुई घटना

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** चंबल अंचल में लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे मवेशी चोर फिर से एक्टिव हो गए है। बुधवार-गुरूवार की रात को दर्जनभर से अधिक हथियारबंद बदमाशों ने बंदूकों की नोंक पर 4 चरवाहों को बंधक बनाया, जिसके बाद उनकी 67 भैंसों को लूटकर ले गए। घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जतावर गांव की पुलिया के पास होना बताई जा रही है। लूटी गईं भैंसों की कीमत 50 लाख से अधिक बताई जा रही है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के दौरान पहाड़गढ़ क्षेत्र में पेयजल के स्त्रोत भी सूखने लग जाते है, तब चरवाहे अपने मवेशियों को चारा और पेयजल की उपलब्धता वाले स्थानों की ओर लेकर निकल जाते है। पहाड़गढ़ क्षेत्र के 4 चरवाहे 100 से अधिक मवेशियों को लेकर इन दिनों सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारह-जतावर गांव के जंगलों में पहुंचें थे। चरवाहे जंगल में अपने मवेशियों को चराने के लिए खिरकाई बनाकर रहते थे। बुधवार की रात को 4 चरवाहे अपने एक सैकड़ा से अधिक मवेशियों को लेकर जतावर गांव की पुलिया के पास से गुजर रहे थे, रास्ते में दर्जनभर से अधिक संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने बंदूकों की नोंक पर उन्हें बंधक बनाया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद बदमाश चरवाहों की 67 भैंसों को अपने साथ लेकर चले गए। गुरूवार की सुबह चरवाहों ने सिविल लाईन थाना पुलिस को सूचना दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

**बीहड़, जंगल में भैंसों की तलाश में उतरी पुलिस की टीमें :** भैंसों को लूटे जाने की घटना सामने आने के बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए है।

महकमे से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लूटी गईं भैंसों को बरामद कर बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगातार चंबल के बीहड़ एवं आसपास गांव के जंगल, खिरकाईयों में तलाश कर रही है।

### ड्रोन से हो रही भैंसों की तलाश, मुखबिर तंत्र सक्रिय

50 लाख से अधिक कीमत वाली भैंसों को लूटे जाने की घटना ने चंबल में लुटेरे-डकैतों के फिर से सक्रिय होने के संकेत दिए हैं। वारदात को जल्द ट्रेस कर बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस भी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इसके लिए पुलिस द्वारा बीहड़, जंगलों में धरातल पर सर्चिंग के साथ आसमान में ड्रोन कैमरे की मदद से भी तलाश की जा रही है।



### बंदरों के आतंक से नागरिक परेशान

**वीरपुर, 30 अप्रैल।** वीरपुर तहसील एवं ग्राम पंचायत वीरपुर में बंदरों का आतंक हजारों बंदरों की संख्या है पर आए दिनांक तक बंदरों को प्रशासन द्वारा नहीं पकड़ा गया कई आवेदन वन विभाग वीरपुर को दे दिए गए हैं पर वन विभाग का कहना होता है कि हमारे वन में ग्राम पंचायत नहीं आती है ग्राम पंचायत या नगर पालिका को अवगत कराए यह बंदर टोली बनाकर बाजार में उपद्रव करते हैं लोगों के हाथों से सामान छीन लेते हैं, कई नागरिकों को यह काट चुके हैं जिससे आम जनता परेशान है प्रशासन द्वारा इन्हें पकड़े जाने की व्यवस्था की जाए बंदरों के कई जगह कहीं टोल बने हुए हैं बड़े चौक मिडिल स्कूल एमएस रोड पुलिस थाना वन विभाग पानी टंकी के आसपास ही बंदरों की रात्रि में भी बंदरों का आतंक बना रहता है।

### नपा भृत्य मायादेवी का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



**सबलगढ़, 30 अप्रैल।** नगर पालिका कर्मचारी मायादेवी करोसिया की सेवानिवृत्ति पर आज नगरपालिका के सभागार में एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगरपालिका कर्मचारी मायादेवी करोसिया पूर्व सीएमओ एम.एल. करोसिया की पत्नी है आज मायादेवी की सेवा निवृत्ति पर नगरपालिका सीएमओ सौरभ कुमार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति पत्र सौंपा ओर उनको पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह जादौन ने भी उनका सम्मान किया इस अवसर पर पार्षद मोहन पचौरी पार्षद राकेश शिवहरे उपयंत्री सतीश बंसल लेखापाल रामबरन जाटव पूर्व सी एम ओ एम एल करोसिया दरोगा महेश डागोर राजेश सिंह अशोक विक्की करोसिया आदि कर्मचारी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।




# पोरसा में पीएनबी बैंक में घुसे चोर, चोरी में हुए नाकाम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 30 अप्रैल।** कस्बा पोरसा स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में बुधवार-गुरूवार की रात को अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास किया। बताया गया है कि छत्त के रास्ते घुसे चोर ताला चटकाने में कामयाब हो गए थे, तभी उन्हें रात्रि गश्त कर रहे पुलिस वाहन का सायरन सुनाई दिया तो वे भाग निकले।

जानकारी के अनुसार कस्बा पोरसा में अग्रेसन चौक पर पीएनबी की ब्रांच स्थित है। बुधवार की शाम को कामकाज निपटाने के बाद बैंक कर्मचारी शाखा में ताला लगाने के बाद घर चले गए थे। देर रात को अज्ञात बदमाशों ने छत्त के रास्ते से होकर बैंक में प्रवेश किया। उन्होंने ताले को तोड़ा ही था, तभी सड़क से गुजर रहे पुलिस वाहन का सायरन उन्हें सुनाई दिया तो वे भाग निकले। गुरूवार को बैंक खुलने पर कर्मचारियों को जब ताला टूटा हुआ मिला, तब घटना का पता चला। शाखा प्रबंधक राजकुमार जैन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बैंक पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की। बताया जा रहा है कि कैमरों के फुटेज से पुलिस को कुछ क्लू हाथ लगे है। जिनके आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

### धनेन्द्र उपाध्याय बने भाजपा पश्चिम मंडल में उपाध्यक्ष

**मुरैना, 30 अप्रैल।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर निगम में एमआईसी सदस्य रमेश उपाध्याय के सुपुत्र घनेन्द्र उपाध्याय उर्फ भूरा भैय्या को भाजपा के पश्चिम मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अपनी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। श्री उपाध्याय ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। मंडल के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाईयां दी हैं।

# 4 गुना मुआवजे की मांग पर किसानों का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू

### महापंचायत में हुंकार, बारिश-ओलावृष्टि में डटे रहे किसान



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे परियोजना से प्रभावित मुरैनाए दिमनी और अंबाह क्षेत्र के 28 गांवों के किसानों ने बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। लहर गांव में आयोजित किसान महापंचायत में हजारों किसानों ने एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।

महापंचायत में विभिन्न किसान संगठनों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लेते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष रवींद्र सिंह भाटी, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू, किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं माकपा नेता अशोक तिवारी, गजेंद्र सिंह परमार, अखिलेश यादव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, रामप्रकाश सिंह गुर्जर, ओमप्रकाश श्रीवास, उदयवीर सिंह सिकरवार सहित कई नेताओं ने मंच से संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि किसानों को न्यूनतम मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि वे पिछले ढाई वर्षों से अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा चार गुना मुआवजे की घोषणा तो की गई है, लेकिन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे प्रभावित किसानों के लिए स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए गए हैं। ऐसे में किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चार गुना मुआवजा नहीं दिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

**बारिश, ओलावृष्टि के दौरान डटे रहे किसान, भरी हुंकार :** महापंचायत के दौरान तेज बारिश और ओलावृष्टि के बावजूद किसान डटे रहे। इसके बाद सैकड़ों किसान हाईवे निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां किसान संगठनों के झंडे गाड़कर अनिश्चितकालीन आंदोलन की औपचारिक शुरुआत कर दी। किसानों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।





# पत्थर व गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

**बानमोर एवं माता बसैया पुलिस की कार्रवाई, तीन ड्राईवर गिरफ्तार**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 अप्रैल।** रेत-पत्थर सहित अन्य खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी क्रम में बुधवार को माताबसैया पुलिस ने गिट्टी का परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा, तो वहीं बानमोर पुलिस ने पत्थर से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। तीनों वाहनों के ड्राईवरों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

माताबसैया पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान बुधवार को खेड़ा मेवदा तिराहे से दो ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े। इन दोनों में गिट्टी भरी हुई थी। पुलिस ने वाहनों को जब्त कर ड्राईवर जिलेदार गुर्जर नि. बमरौली और भूपेन्द्र गुर्जर निवासी बमरौली थाना रिठौरा को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य कार्रवाई में बानमोर पुलिस ने एनएच-44 पर थाने के सामने से गुजर रहे पत्थर से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा।

पुलिस ने ड्राईवर मोनू शाह पुत्र सौरभ शाह नि. हीरानगर ग्वालियर को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।


## आम सूचना

श्रीमती सरिता यादव पत्नी श्री जरदान सिंह के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित दुर्गादास कॉलोनी, ग्राम जौराखुर्द, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र. 47 (भगत सिंह वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1423 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भवन रेनू किरार, पश्चिम में-खुला भूखण्ड, उत्तर में भवन श्री रामेश्वर बघेल एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामदुलारे सिंह द्वारा श्रीमती मुन्नीबाई पत्नी श्री ईस्माइल अली को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 741 दिनांक 17.05.2006 से विक्रय की गई। श्रीमती मुन्नीबाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री उदयभान सिंह पुत्र श्री भोलाराम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792019ए1599653 दिनांक 26.08.2019 से विक्रय की गई। श्री उदयभान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रहीश खान पुत्र श्री अकबर खान को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792020ए1236911 दिनांक 28.05.2020 से विक्रय की गई। श्री रहीश खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरिता यादव पत्नी श्री जरदान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024ए1178712 दिनांक 27.09.2024 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 17.05.2006 की मूलप्रति गुम हो गई हैं। श्रीमती सरिता यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को विक्रय विलेख दिनांक 17.05.2006 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो। **दिनांक 30.04.2026**

प्रेषक- **नीरज जैन** (एडवोकेट)
**कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो. 98276-72710**